
TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

**03 सितंबर 2025**

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

सफलता के लिए धैर्य और दृढ़ता जरूरी है।

**जैक मा**



राकेश कुमार


www.teachersofbihar.org

# दिवस विशेष

3 सितंबर


## मधु प्रिया

# किशन महाराज का जन्म 3 सितंबर



मशहूर तबला वादक पंडित किशन महाराज का जन्म 3 सितंबर, 1923 ई. को वाराणसी में कबीर चौरा नामक स्थान पर हुआ। उनके पिता का नाम पंडित हरि महाराज था। किशन महाराज का घराना पंडित किशन महाराज बनारस घराना से जुड़े थे।किशन महाराज के गुरु पंडित किशन महाराज के गुरु का नाम पंडित कंठे महाराज था। 1973 में उन्हें पदम श्री तथा 2002 ई. में उन्हें पदम विभूषण से सम्मानित किया गया। केन्द्रीय संगीत नाटक पुरस्कार , उस्ताद इनायत अली खान पुरस्कार,दीनानाथ मंगेशकर पुरस्कार,ताल विलास, उत्तरप्रदेश रत्न, उत्तरप्रदेश गौरव,भोजपुरी रत्न, भागीरथ सम्मान,लाइफ टाइम अचीवमेंट सम्मान मिला। किशन महाराज ने तबले की थाप की यात्रा शुरू करने के कुछ साल के अंदर ही पंडित ओंकार नाथ ठाकुर, उस्ताद बड़े गुलाम अली खान, उस्ताद फैय्याज खान, पंडित भीमसेन जोशी, वसंत राय, पंडित रवि शंकर, उस्ताद अली अकबर खान जैसे बड़े नामों के साथ संगत की। कई बार उन्होंने संगीत की महफिल में एकल तबला वादन भी किया। इतना ही नहीं नृत्य की दुनिया के महान हस्ताक्षर शंभु महाराज, सितारा देवी, नटराज गोपी कृष्ण और बिरजू महाराज के कार्यक्रमों में भी उन्होंने तबले पर संगत की। उन्होंने एडिनबर्ग और वर्ष 1965 में ब्रिटेन में कॉमनवेल्थ कला समारोह के साथ ही कई अवसरों पर अपने कार्यक्रम प्रस्तुत कर प्रतिष्ठा अर्जित की। उनके शिष्यों में वर्तमान समय के जानेमाने तबला वादक पंडित कुमार बोस, पंडित बालकृष्ण अय्यर, सुखविंदर सिंह नामधारी सहित अन्य नाम शामिल हैं। 4 मई 2008 ई. को बनारस के निकट खजूरी में उनकी मृत्यु हो गई।

# जयंती विशेष 03 सितंबर




**पंडित किशन महाराज** *Pt. Kishan Maharaj*, जन्म: 3 सितंबर, 1923 - मृत्यु: 4 मई, 2008) भारत के सुप्रसिद्ध तबला वादक थे। ये बनारस घराने के वादक थे। इन्हें कला क्षेत्र में योगदान के लिए भारत सरकार द्वारा सन 1973 में पद्म श्री और सन 2002 में पद्म विभूषण से भी सम्मानित किया गया था। किशन महाराज तबले के उस्ताद होने के साथ साथ मूर्तिकार, चित्रकार, वीर रस के कवि और ज्योतिष के मर्मज्ञ भी थे।

# धातु और अधातु

कक्षा 10

## धातु और अधातु के भौतिक गुणों में अन्तर

| धातु (Metal) | अधातु (Non - Metal) |
|---|---|
| **तन्यता (Ductility)** | |
| धातुएं प्रायः तन्य होते हैं। | अधातुएं तन्य नही होते हैं। |
| अपवाद (Exception) | |
| लीथियम, सोडियम, पोटेशियम और पारा | |
| **विद्युत चालकता (Electrical Conductivity)** | |
| धातुएं प्रायः विद्युत चालन करते हैं। | अधातूएं विद्युत चालन नही करते हैं। |
| अपवाद (Exception) | |
| लेड, बिस्मथ और पारा | ग्रेफाईट |
| **ऊष्मा चालकता (Thermal conductivity)** | |
| धातुएं ऊष्मा का चालन करते हैं। | अधातुएं ऊष्मा का चालन नहीं करते हैं। |
| अपवाद (Exception) | |
| लेड | हीरा |

# MATH TLM

20

Class-6to8

## लधुत्तम समापवर्तक (L.C.M)

वह छोटी से छोटी संख्या, जो प्रत्येक दी गई संख्या द्वारा पूर्णतः विभाजित हो जाए, दी गई संख्याओं का लधुत्तम समापवर्तक कहलाती है।

जैसे - 2, 4, 8 तथा 16 का ल.स.

यहां 16 वह छोटी से छोटी संख्या है, जो 2,4,8 तथा 16 से पूर्णतः विभाजित हो जाती है। अतः दी गई संख्याओं का लधुत्तम समापवर्तक है-16

Anu Priya, Science Teacher

TOB

# खेल कॉर्नर

## विमेंस वनडे वर्ल्ड कप-2025

## प्राइज मनी

**टोटल**

**₹1.22 करोड़**

(13.88 मिलियन US डॉलर)

**विनर**

**₹39.5 करोड़**

(4.48 मिलियन US डॉलर)

**रनर अप**

**₹19.7 करोड़**

(2.24 मिलियन US डॉलर)



**टॉप 4**

**₹9.87 करोड़**

(1.12 मिलियन US डॉलर)

**ग्रुप स्टेज**

**₹30 लाख**

(34,314 US डॉलर)

**5वें और छठे स्थान वाली टीमें**

प्रत्येक को 700,000 डॉलर (6 करोड़ 18 लाख)।

**7वें और 8वें स्थान वाली टीमें**

प्रत्येक को 280,000 डॉलर (2 करोड़ 47 लाख)।

**हर भाग लेने वाली टीम को गारंटी राशि**

250,000 डॉलर (2 करोड़ 21 लाख)

# Teachers of Bihar
The Change Makers

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 03.09.2025

## मनोप्रेरक शिक्षा

मनोप्रेरक शिक्षा **(Psychomotor education)** शारीरिक कौशल और मानसिक प्रक्रियाओं के एकीकरण पर केंद्रित एक शैक्षिक दृष्टिकोण है, जिसमें व्यक्ति अभ्यास, समन्वय और शारीरिक क्रियाओं के माध्यम से शारीरिक कौशल विकसित करता है, जैसे साइकिल चलाना या संगीत वाद्ययंत्र बजाना. यह शारीरिक गतिविधियों को संज्ञानात्मक और भावनात्मक विकास से जोड़ती है, जिससे शारीरिक निपुणता, ध्यान और समस्या-समाधान कौशल में वृद्धि होती है।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान




**राजस्थान के माउंट आबू में एशिया की सबसे बड़ी सौर भट्टी स्थापित है, जो केवल सूरज की किरणों से 3000°C से अधिक तापमान पैदा करती है! इस तकनीक से धातु और कांच आसानी से पिघलाए जाते हैं-न कोयले की ज़रूरत, न प्रदूषण, न कार्बन उत्सर्जन, बस शुद्ध सौर ऊर्जा से औद्योगिक कार्य पूरे होते हैं।**

# Teachers of Bihar

The change makers



## गुणकारी सब्जियां


### तुरई



मैं डाइटरी फाइबर, पानी ,विटामिन A, C,B-6, आयरन, मैग्नीशियम जैसे पोषक तत्वों से भरपूर हूं।

Anu priya

www.teachersofbihar.org


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
लहरों के स्वर में कुछ बोलो
इस अंधड में साहस तोलो
कभी-कभी मिलता जीवन में
तूफानों का प्यार
तूफानों की ओर घुमा दो
नाविक निज पतवार।
शिवमंगल सिंह सुमन
www.padyapankaj.teachersofbihar.org
Madhu priya

# Teachers of Bihar
The change makers

## English TLM

# Homophones

Words that sounds the same but spelled differently and have different meanings

Son



बेटा


Sun



सूरज

www.teachersofbihar.org.in

Anupriya


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
प्रख्यात तबला वादक एवं
पद्म विभूषण से सम्मानित
किशन महाराज
की जयंती पर सादर नमन।
3 सितंबर 1923 - 4 मई 2008
Madhu priya
/teachersofbihar



भारत के लिए ओलंपिक पदक जीतने वाली पहली महिला पहलवान

## साक्षी मल्लिक

के जन्मदिवस पर अनंत शुभकामनाएं।



3 सितंबर 1992

Happy Birthday

Madhu priya